>

Title: Need to provide irrigation facilities in villages located on river banks in Sultanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में नदी तटीय क्षेत्र करीब 90 किलोमीटर से ज्यादा है और इस नदी के दोनों ओर कई गांव हैं। इन गांवों के लगभग 2 लाख लोगों की खेती बाड़ी की जमीन इन तटीय क्षेत्रों में पड़ती है। भूमि जलस्तर नीचे होने के कारण नलकूप से सिंचाई यहां संभव नहीं है। नदी किनारे स्थित क्षेत्रों में नहरों का निर्माण कई कारणों से नहीं हो पाया है। जिससे नदी के किनारे वाले कृषि क्षेत्रों को नहरों से भी सिंचाई व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बरसात के समय एवं बरसात के न होने पर इन गांवों के किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में दिक्कत उठानी पड़ती है क्योंकि बरसात के दिनों में नदी में पानी जरूरत से ज्यादा आ जाता है जिससे इनकी जमीन डूब जाती है या जमीनें जल भराव से प्रभावित रहती है और बड़ी मात्रा में भूमि कटाव होता है और बरसात के न होने से इनको पानी की व्यवस्था एवं सुविधा न होने से सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पाता है। इसके लिए नदियों के किनारे स्थित कृषि भूमि को सिंचाई करने हेतु किसी तकनीक को विकसित किया जाए जिससे ये किसान अपने खेतों में उत्साह से काम कर सके जिससे खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ सकेगा एवं खाद्यान्न की अधिक पैदावार कर किसान अधिक से अधिक आय प्राप्त कर सकेंगे। इससे नदियों के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को अपने जीवनस्तर में सुधार करने का अवसर प्राप्त होगा।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर (उ.प्र.) में नदियों के तटों पर कृषि भूमि को सिंचित करने हेतु किसी तकनीक को विकसित किया जाए एवं भूमि कटाव को रोका जाए।